प्रदेश टुडे

1 रुपये में 8 KM दौड़ती है यह बाइक, रफ्तार भी होगी दमदार

By **Admin**, Updated on July 1st, 2019 7:50 PM IST 145 0

नई दिल्ली : पिछले कुछ सालों में इंडियन मार्केट में तेज रफ्तार से चलने वाली बाइक की संख्या तेजी से बढ़ी है. लेकिन अब एक ऐसी भी बाइक पेश करने का दावा किया गया है जो महंगे पेट्रोल से नहीं बल्कि हवा से सफर तय करती है. जी हां, बाइक की टंकी में पेट्रोल नहीं बल्कि हवा भरी जाएगी. हवा से चलने वाली बाइक का अविष्कार कर लिया गया है और इसका सफलतापूर्वक प्रयोग भी किया जा चुका है.

9 साल पहले हुआ अविष्कार

लखनऊ के एक वैज्ञानिक ने करीब 9 साल पहले एयर इंजन का आविष्कार किया था जो अब ऐरो बाइक का रूप ले चुकी है. इस आविष्कार के पीछे बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग की समस्या थी, साथ ही आम आदमी की जेब पर भी कम खर्च आएगा. ऐरो बाइक को तैयार करने वाले वैज्ञानिक मानते हैं कि इस बाइक से ईंधन की बचत तो होगी ही, साथ ही ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से भी बचा जा सकता है.

प्रदूषण की समस्या से मिलेगा छुटकारा

यूपी राजकीय निर्माण निगम में मुख्य महाप्रबंधक रहे भारत राज सिंह ने हवा से एनर्जी तैयार करने वाले इस इंजन को तैयार करने में अहम भूमिका अदा की है. बीआर सिंह इस समय एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एसोसिएट डायरेक्टर हैं. उन्होंने कहा कि उनका यह अविष्कार जब सड़क पर आएगा तो प्रदूषण पर 50 फीसदी तक लगाम लगाई जा सकेगी.

5 रुपये में 40 किमी का सफर

आविष्कार का मुख्य उद्देश्य गाडियों के पेट्रोल-डीजल के इंजन को बदल कर उनमें हवा से चलने वाले इंजन को लगाने का है. इस इंजन खर्च भी बहुत कम आएगा. उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद एल्युमीनियम का सिलेंडर बनाकर इसे ऐरो बाइक में लगाया है. इस प्रयोग में सबसे पहले टू-व्हीलर को इस्तेमाल किया गया है. टू-व्हीलर में एयर इंजन लगाने से बाइक 5 रुपये के हवा से 40 किलोमीटर तक का सफ़र तय करेगी. हवा से चलने के बाद भी बाइक की स्पीड पर कोई असर नहीं पड़ा. ऐरो बाइक को 70-80 किमी/घंटा की रफ्तार से आसानी से चलाया जा सकता है. भारत राज सिंह ने अपने इस अविष्कार को मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजा है.